तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

बाजार आधारित नहीं, प्रेम की खेती अपनाएं किसान



02

बारिश की चुनौती के बीच रखी करवा चौथ व्रत



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

खबर संक्षेप

जिले में एकता दौड़ आज

बालोद। जिला पुलिस बालोद द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता दौड़ का आयोजन 31 अक्टूबर को यातायात कार्यालय जय स्तंभ चौक बालोद में सुबह 7 बजे से होगा।

सब-जूनियर बालिका कबड्डी टीम चयन स्पर्धा 1 को

अंडा। 26वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सबजूनियर बालिका कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन दिनांक 21 नवंबर से 23 नवंबर 2026 तक बालोद में होना है जिसके लिए दुर्ग जिला टीम के लिए जिला स्तरीय ट्रायल स्पर्धा दिनांक 1 नवंबर को कॉलेज ग्राउंड उतई में रखा गया है जिसके लिए दुर्ग, पाटन, धमधा ब्लॉक के ग्रामीण व दुर्ग नगर के बालिका खिलाड़ी भाग ले सकते है साथ ही खिलाड़ियों की उम्र 16 वर्ष से अधिक नहीं (जन्म 30 दिसंबर 2010 या उसके बाद) और वजन 55 किलोग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए।साथ ही पंजीयन शुल्कःप्रति टीम 100 रुपये डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र या 10वीं स्कूल अंकसूची अनिवार्य है साथ ही अपडेट आधार कार्ड जो अंकसूची या जन्म प्रमाण पत्र समान हो आधार कार्ड में अंकसूची के अनुसार स्वयं नाम, पिता नाम, जन्म तिथि एक समान होना अनिवार्य है। दो पासपोर्ट फोटो व आधार, जन्म प्रमाण, अंकसूची का मूल + 2 छाया प्रति सभी खिलाड़ियों को सुबह 10 पहुंचना अनिवार्य है। यह जानकारी पीलू पारकर सचिव जिला कबड्डी संघ दुर्ग द्वारा दिया गया है।

30 पौवा शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

गुण्डरदेही। अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध गुण्डरदेही पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए डमी ग्राहक भेजकर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 30 पौवा शोले देशी प्लेन शराब, कुल 5.400 बल्क लीटर, कीमत 2,400 एवं बिक्री की नगदी 300 जब्त किया गया। डमी ग्राहक के माध्यम से अवैध शराब बिक्री की पुष्टि कर पुलिस ने आरोपी के मकान पर दबिश दी। थाना गुण्डरदेही पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। 30 अक्टूबर को थाना गुण्डरदेही पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सिकोसा निवासी एक व्यक्ति अपने मकान में भारी मात्र में देशी शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से डमी ग्राहक तैयार कर उसे 100 का पहचानयुक्त नोट, जिसमें पीएच अंकित था, देकर शराब खरीदने भेजा गया। डमी ग्राहक द्वारा आरोपी से शराब खरीदकर लाने के बाद पुलिस टीम ने गवाहों के समक्ष विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी के मकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक नीले आसमानी रंग के थैले में रखे 30 पौवा शोले देशी प्लेन शराब, कुल मात्र 5.400 बल्क लीटर, कीमत 2,400 शेष पेज 02 पर

जिले के 1.20 लाख से अधिक किसानों के खातों में अंतरित हुए 24.27 करोड़ रुपए

कृषि विज्ञान केंद्र अरौद में मनाया गया पीएम किसान उत्सव दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त हस्तांतरण के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र अरौद में जिला प्रशासन, कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में जिलेभर के 120 से अधिक किसानों ने भाग लिया और प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। योजना के तहत बालोद जिले के 1.20 लाख से अधिक किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 24.27 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त यज्ञदत शर्मा तथा अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति के सभापति तेजराम साहू सहित जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. के.आर. साहू ने जिले में संचालित कृषि नवाचारों, वैज्ञानिक तकनीकों और उन्नत उत्पादन पद्धतियों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को धान के साथ दलहन, तिलहन एवं अन्य वैकल्पिक फसलों को अपनाकर फसल विविधीकरण करने की सलाह दी। वहीं उप संचालक कृषि आशीष चंद्राकर ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से इनका लाभ लेने की अपील की।



किसानों ने किया कृषि कैफेटेरिया का अवलोकन

मुख्य अतिथि यज्ञदत शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपए की सहायता तीन समान किस्तों में दी जाती है। यह राशि खेती-किसानी की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक है। तेजराम साहू ने फसल चक्र अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने किसानों के योगदान की सराहना करते हुए योजना के लाभार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम में उद्यानिकी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों सहित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक और कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान किसानों ने कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया तथा केंद्र के फसल कैफेटेरिया एवं उन्नत कृषि तकनीकों का अवलोकन भी किया। किसानों ने आयोजन को उपयोगी बताते हुए ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता जताई।

मांग : सीजी-24 वाहनों को निःशुल्क आवागमन की मांग, 4 नवंबर को होगी उच्चस्तरीय बैठक

जमहीटोल प्लाजा पर चक्काजाम, ग्रामीणों ने की निशुल्क आवागमन की मांग, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

झलमला से कुसुमकसा होकर मानपुर की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-930 पर स्थित जमही टोल प्लाजा के विरोध में आसपास के 12 ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मुख्य सड़क पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीण टोल प्लाजा के समीपस्थ 10 से 20 किलोमीटर के दायरे के गांवों के लोगों और सीजी-24 बालोद जिला पंजीकृत वाहनों को पूरी तरह निःशुल्क आवागमन की सुविधा देने की मांग कर रहे थे।

इसके अलावा, स्थानीय आधार कार्ड दिखाने पर शुल्क से छूट और टोल प्लाजा में स्थानीय बेरोजगार युवक-युवतियों को प्राथमिकता से रोजगार देने की पुरजोर मांग उठाई गई। धरना स्थल पर मौजूद पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए तर्क दिया कि जिस प्रकार राजनांदगांव-सोमनी के बीच ठाकुरटोला टोल प्लाजा में 'सीजी-08' वाहनों व स्थानीय शेष पेज 02 पर



अधिकारियों के साथ हुई मैराथन चर्चा के बाद निम्नलिखित बिंदुओं पर सहमति बनी

1. उच्चस्तरीय बैठकः आगामी 4 नवंबर (बुधवार) को जिला स्तर पर बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें एनएचएआई अमनपुर के वरिष्ठ अधिकारी और ग्रामीण प्रतिनिधि प्रमुख रूप से शामिल होंगे।
2. अस्थायी छूटः तब तक आगामी दस दिनों के लिए 'सीजी-24' पंजीकृत चारपहिया वाहनों तथा स्थानीय ग्रामीण अंचल के लोगों को आधार कार्ड दिखाने पर निःशुल्क आवागमन की छूट रहेगी।
3. दल्लीराजहरा के वाहनों को राहतः दल्लीराजहरा क्षेत्र के वाहनों को भी प्रस्तावित बैठक तक टोल टैक्स से मुक्त रखने पर सहमति बनी।
4. रोजगार का मुद्दाः टोल प्लाजा में वर्तमान में डौंडी तहसील से बाहर के कार्यरत 8 कर्मचारियों को आगामी तीन माह में टेंडर समाप्ति के बाद हटाकर स्थानीय लोगों को नियुक्त करने के लिए टोल मैनेजर को निर्देशित किया गया।
5. भूमि की जांचः ग्रामीणों द्वारा यह मुद्दा भी उठाया गया कि जिस भूमि पर टोल निर्मित है, वह ग्राम पंचायत की घास भूमि है और बिना एनओसी के भवन का निर्माण किया गया है, जिसकी जांच की मांग की गई। इन तमाम बिंदुओं पर लिखित पंचनामा तैयार होने के बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन समाप्त किया।

- प्रशासन रहा मुस्तैद, सैकड़ों ग्रामीण रहे मौजूद सुबह 9 बजे से ही पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। इस आंदोलन में जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम, अनिल सुथार, विभिन्न गांवों के सरपंचगण ममता कोर्राम, गीता भंडारी, वेद बाई पिस्दा, हलधर गोरे आदि, संजय बैस, नितिन जैन, राजहरा व्यापारी संघ के पदाधिकारी और सुवरबोड, जमही, अडजाल, दानिटोला, बोरिद, कुसुमकसा व खलारी करियाटोला के सैकड़ों महिला-पुरुष ग्रामीण उपस्थित रहे। आंदोलन के सफल समापन पर आयोजकों ने सभी सहयोगियों और व्यापारी संघ के प्रति आभार व्यक्त किया।

व्यापारियों का समर्थन और प्रशासनिक नोकझोक

राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी, स्वाधीन जैन और अशोक लोहिया ने पदाधिकारियों के साथ पहुंचकर ग्रामीणों के इस चक्काजाम को अपना समर्थन दिया और इसे पूरी तरह जायज बताया। इस दौरान एनएच-930 के एसडीओ के साथ तीखी नोंकझोक भी देखने को मिली। प्रशासन की ओर से डौंडी तहसीलदार देवेंद्र नेताम, दल्लीराजहरा थाना प्रभारी सुनील तिर्की और एनएच एसडीओ अनिल छाबी मौके पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से लंबी चर्चा की।

नाबालिग बालिका से दुष्कर्म, 2 आरोपी गिरफ्तार, 1 अपचारी बालक अभिरक्षा में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नाबालिग बालिका को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में थाना रनचिरई पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर 02 आरोपी को गिरफ्तार एवं 01 विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

थाना रनचिरई क्षेत्र में नाबालिग बालिका को बहला–फुसलाकर ले जाने एवं उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने के मामले में थाना रनचिरई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में धारा 65(1), 70(2), 137(2), 127(2) भारतीय न्याय संहिता एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4(2) एवं 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान थाना रनचिरई पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा 01 विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों में ग्राम परसदा थाना रनचिरई निवासी गितेश्वर साहू 19 वर्ष, ग्राम परसदा थाना रनचिरई निवासी चंद्रशेखर साहू 18 वर्ष व विधि से संघर्षरत बालकः एक अन्य नाबालिग को प्रकरण में विधि के अनुसार अभिरक्षा में लिया गया।

थाना प्रभारी रनचिरई निरीक्षक गावड़े के नेतृत्व में थाना रनचिरई पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई। बालोद पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। नाबालिगों के विरुद्ध किसी भी प्रकार के अपराध की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। ऐसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

चौपाल के जरिए दी योजनाओं और अधिकारों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित सिन्हा के आदेश एवं मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'मिशन शक्ति' एवं 'मिशन वात्सल्य' योजना के अंतर्गत पालना केंद्र सिवनी में चौपाल एवं पोस्टर के माध्यम से विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा तथा शासकीय कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर व सशक्त बनाना रहा। अभियान के दौरान महिलाओं को एकत्र कर संवाद एवं चौपाल के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा तथा कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही शासन द्वारा संचालित प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं जैसे नोनी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 तथा आपातकालीन सेवा डायल 112 (एक्के नंबर सब्बो बर) के संबंध में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में पोस्टर एवं प्रचार सामग्रियों के जरिए योजनाओं का प्रचार–प्रसार किया गया तथा पालना केंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से दी जाने वाली पोषण व देखरेख सेवाओं पर सारगर्भित परिचर्चा की गई। वक्ताओं ने महिलाओं को योजनाओं का पूरा लाभ उठाने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल विभागीय सहायता केंद्रों व हेल्पलाइन सेवाओं से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर संरक्षण अधिकारी हितेश्वरी मेश्राम, बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू, जिला मिशन समन्वयक (मिशन शक्ति) डॉ. एस. कुमार, केंद्र प्रशासक सखी वन स्टॉप सेंटर एकता कुर्रे, जेंडर विशेषज्ञ दिनेश्वरी सिन्हा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शोहद्रा, पालना कार्यकर्ता प्रतिभा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं।



विश्व हिंदू परिषद की बैठक में आगामी हितचिंतक अभियान और नवीन दायित्वों की हुई घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व हिंदू परिषद बालोद जिला संगठन का जिला बैठक बालोद शहर के कला केंद्र भवन में संपन्न हुआ। इस बैठक में राजनांदगांव विभाग मंत्री अनूप श्रीवास, विभाग संयोजिका मातृशक्ति सत्या साहू, जिला अध्यक्ष विहिप बालोद बलराम गुप्ता, समरसता प्रमुख राजनांदगांव बाबा, दुर्ग जिला विहिप सह मंत्री जीवेश उपाध्याय प्रमुख रूप से बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक में आगामी कार्ययोजना की चर्चा हुई, वही संगठन के एक बड़े हितचिंतक अभियान की जानकारी दी गई, बालोद जिला संगठन के कार्यकर्ता आगामी माह में घर घर संपर्क कर हिंदू धर्म संगठन को मजबूत बनाने हिंदू परिवार को जोड़ने सदस्यता अभियान चलाएंगे, इस बार विहिप के केंद्रीय संगठन ने निर्णय लिया है कि इस बार हितचिंतक अभियान के तहत हिंदू परिवारों को मोबाइल के माध्यम से आनलाइन जोड़ा जाएगा जिसके लिए संगठन के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण भी दिया गया है। अभियान की जानकारी अनूप श्रीवास व जीवेश उपाध्याय ने बैठक में दी अभियान के लिए कुछ लोगों को मोबाइल के माध्यम से सदस्यता भी कराया गया। नवीन दायित्वों की घोषणा आज जिला संगठन में कई दायित्वों पर नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई, जिनमें प्रमुख रूप से प्रतीक लोढ़ा को डौंडीलोहारा नगर अध्यक्ष, रमेश हरदेल को डौंडीलोहारा प्रखंड का अध्यक्ष, रामनारायण धनकर को डौंडी प्रखंड अध्यक्ष तो वहीं गुरूर प्रखंड के लिए आशीष साहू को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया जिला सह मंत्री बंटी चोपड़े को भी दायित्व दिया गया। जिला बैठक में जिला उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, जिला सह मंत्री प्रेम शुक्ला, उमेश सेन, मोनू सोनवानी, कैलाश साहू, जिला संपर्क प्रमुख परस साहू, जिला कोषाध्यक्ष राजेश सोनी, जिला समरसता प्रमुख जितेन्द्र सहाड़ा, संतोष चौरसिया, बालोद शहर अध्यक्ष तरुण राठी, बजरंग दल जिला संयोजक प्रदीप मिनपाल, विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक सेवन साहू, संगीता शर्मा, शिवम डड़सेना, हेमंत देशमुख, चिमन देशमुख, नीलकंठ साहू, दुर्गेश साहू, सोनू सेन, यशवंत साहू, संतोष साहू सहित अन्य संगठन कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का संचालन राजेश सोनी ने किया।



गुब्बारा फोड़ और कबड्डी प्रतियोगिता में दिखा रोमांच

छात्रावास के बच्चों ने कबड्डी में दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

31 अक्टूबर को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में थाना मंगचुवा पुलिस द्वारा विद्यार्थियों में आपसी एकता, भाईचारा, सद्भावना एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विशेष खेल आयोजन किया गया। 29 अक्टूबर को स्कूल मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास के बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान गुब्बारा फोड़ एवं कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व को बच्चों तक पहुंचाना और उन्हें एकता एवं सामूहिकता का संदेश देना था। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा, फुर्ती और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। विशेषकर कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। मैदान में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। एक-दूसरे का सहयोग करते हुए खिलाड़ियों ने टीम वर्क और आपसी तालमेल का परिचय दिया। इस आयोजन से विद्यार्थियों को मनोरंजन के साथ-साथ अनुशासन, सहयोग, आपसी विश्वास और मिल-जुलकर आगे बढ़ने की सीख भी मिली।



विजेताओं को किया गया सम्मानितः उपस्थित ग्रामीणों ने पुलिस विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा को मंच मिलता है और पुलिस एवं आम नागरिकों के बीच आपसी जुड़ाव भी मजबूत होता है। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को थाना मंगचुवा की ओर से मेडल एवं विजेता कप प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार मिलने पर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू रेंगाडबरी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में थाना प्रभारी संजय दिव्या, प्रधान आरक्षक यज्ञदत्त ठाकुर, देवेन्द्र भुआर्य, अजय साहू सहित थाना मंगचुवा के समस्त पुलिस स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। वहीं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित इस खेल कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि एकता, भाईचारा, अनुशासन और सामूहिक प्रयास ही मजबूत समाज एवं राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। पुलिस विभाग की इस पहल से बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ ही राष्ट्रीय एकता की भावना को भी प्रोत्साहन मिला।

डायल 112 के चालक से मारपीट, अपराध दर्ज

भिलाई। डायल 112 के चालक से ओम शांति चौक पेट्रोल पम्प के पास, हाऊसिंग बोर्ड में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर जामुल थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। प्रार्थी दुर्गेश कुमार साहू उम्र 24 साल ने पुलिस को बताया कि वे कैम्प 1 भिलाई के निवासी है। वर्तमान में थाना जामुल के डायल 112 वाहन में ड्रायवरी का काम करते हैं। 28 अक्टूबर को रात्रि में अपने दोस्तों से मिलने के लिए हाउसिंग बोर्ड गए थे। मोटर साइकिल से घर वापसी के दौरान रात्रि करीब 9.40 बजे ओम शांति चौक के पहले पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा था।



खबर संक्षेप



बीईओ पिस्दा ने हाई स्कूल घुमका और कोहंगाटोला का किया औचक निरीक्षण

बालोद। विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश पिस्दा ने हाई स्कूल घुमका एवं कोहंगाटोला का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों और स्कूलों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 9वीं एवं 10वीं में पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया तथा गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषयों की पढ़ाई की स्थिति परखी। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम आधारित सवाल पूछे गए, जिनके जवाबों पर बीईओ ने संतोष जताया। साथ ही कुछ विषयों में सुधार के लिए शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में पेयजल, शौचालय, प्रयोगशाला और स्वच्छता व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने शिक्षकों को शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से

बालोद। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2026–27 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी आगामी 15 नवम्बर 2026 से 31 जनवरी 2027 तक किया जाना प्रस्तावित है। धान उपार्जन कार्य को जिले में सुचारू, पारदर्शी एवं निर्बाध रूप से संपन्न कराने तथा उपार्जन के दौरान किसानों को होने वाली किसी भी प्रकार की समस्याओं व शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु कॉल सेंटर की स्थापना की गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि धान उपार्जन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या, पूछताछ अथवा शिकायत दर्ज कराने के लिए किसान कॉल सेंटर के दूरभाष नंबर 07749–223956 पर संपर्क कर सकते हैं। प्राप्त शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेकर संबंधित उपार्जन केंद्रों व अधिकारियों के माध्यम से उनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। कॉल सेंटर में शिकायतें दर्ज करने एवं उनके सुव्यवस्थित निराकरण की मॉनिटरिंग हेतु अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अंतर्गत सहायक खाद्य अधिकारी श्रद्धा दिल्लीवार मोबाइल नंबर 9758862209 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थायी इलाज।
सभी प्रकार के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है। निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

आयोजन : गुरूर में आयोजित हुआ गौ-आधारित जैविक कृषि प्रशिक्षण शिविर

बाजार आधारित नहीं, प्रेम की खेती अपनाएं किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर के लोधी भवन में गौ-आधारित जैविक कृषि प्रशिक्षण एवं 'प्रेम की खेती' विषय पर एक दिवसीय भव्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे कृषि वैज्ञानिक अजीत केलकर और रवि केलकर बंधुओं ने किसानों और गौ सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता का सबसे पहला सपना यह होना चाहिए कि उनके बच्चे स्वस्थ, तंदरुस्त और ऊर्जावान बनें। बच्चों को जहरीला नहीं बल्कि पौष्टिक और विष-रहित अनाज मिलना चाहिए, और यह तभी संभव है जब हम रासायनिक खेती छोड़कर पूरी तरह गौ-आधारित खेती को अपनाएंगे।

वैज्ञानिक अजीत केलकर ने कहा कि हमें अपने गांवों को स्वर्ग और खेतों को मंदिर का स्वरूप देना होगा। हमें धरती माता, फसल, वृक्षों और सभी जीवों से वैसा ही प्रेम करना चाहिए जैसा हम अपने स्वयं के लिए चाहते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कोई यह चाहेगा कि उसे जबरदस्ती कोई जहरीला पदार्थ खिलाया जाए? उन्होंने कहा कि शास्त्रों में भी 'गोमय वसते लक्ष्मी' कहा गया है, यानी गोबर के सही उपयोग से हम अष्टलक्ष्मी धन, स्वस्थ मन और स्वस्थ शरीर प्राप्त कर सकते हैं। 'प्रेम की खेती' का अर्थ समझाते हुए उन्होंने कहा कि जब हम जमीन और फसलों से सच्चा प्रेम करेंगे, तो कभी उनके साथ रासायनिक खादों के रूप में अन्याय नहीं करेंगे।





गोबर-गोमूत्र के उपयोग से फसलों को कीटों से सुरक्षित रख रहे

लोधी समाज के जिला अध्यक्ष ओंकार ने आने वाली पीढ़ी और मिट्टी के स्वास्थ्य को बचाने पर जोर दिया। वहीं, पंजीयक समीर शर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त कर उसके व्यावहारिक पालन और समाज में इसके प्रसार की प्रेरणा दी। जैविक कृषक कमलेश्वर लोधी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे पूरी तरह शून्य लागत पर खेती कर रहे हैं और केवल गोबर-गोमूत्र के उपयोग से फसलों को कीटों से सुरक्षित रख रहे हैं। इस अवसर पर मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, लोधी समाज अध्यक्ष ओंकार, गौशाला डोंगरगढ़ अध्यक्ष गोविंद चोपड़ा, पंजीयक समीर शर्मा, प्रकाश यादव, अन्ना सभारे, जितेन्द्र साहू, तरुण और कमलेश्वर लोधी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं किसान उपस्थित रहे।

खेती की लागत लगातार बढ़ रही

अजीत केलकर ने चिंता जताते हुए कहा कि आज का किसान बाजार तंत्र के चक्रव्यूह में उलझकर अपनी वास्तविक ताकत और क्षमता भूल गया है। उन्होंने इसे बाजार-आधारित कृषि न कहकर 'मारकाट' आधारित कृषि करार दिया। उन्होंने उदाहरणों के जरिए समझाया कि किस प्रकार सुनियोजित तरीके से वैश्विक बाजार ने भारतीय किसानों को रासायनिक खाद और महंगे बीजों के जाल में फंसा रखा है। इससे खेती की लागत लगातार बढ़ रही है जिसे अब कम करने की सख्त जरूरत है। शुक्रवार को शुरू हुए इस दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन शनिवार को होना है। शिविर में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 200 से अधिक गौ सेवक, प्रगतिशील कृषक और गौशाला प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बिशेषर सिंह पटेल ने की। उन्होंने कहा कि हमें धरती मां और गौ माता के प्रति अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करना होगा। इस दौरान मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में कई बार नीतियां भी ऐसी परिस्थितियां पैदा कर देती हैं कि किसान न चाहते हुए भी रासायनिक खेती से बंधे रहते हैं, इसलिए पारंपरिक कृषि को पुनर्जीवित करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं।

आज से नियमित रूप से संचालित होंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



खिली खिली सूर्य धूप के बावजूद डीईओ दुर्ग के आदेश पालनार्थ 30 अक्टूबर शुक्रवार को दुर्ग जिला की स्कूलें बंद रही, जबकि पड़ोसी जिला बालोद और बेमेतरा में शुक्रवार को स्कूल पहले की तरह संचालित रही। प्राचार्यों ने कहा कि शिक्षा प्रशासन द्वारा जारी अवकाश का आदेश 30 अक्टूबर तक था 31 अक्टूबर 2026 से स्कूल पूर्व की तरह नियमित समय पर संचालित होगी। कोई भी बच्चे अनुपस्थित ना रहे, माता पिता गंभीरता बरते और बच्चों को स्कूल अनिवार्यतः भेजे। जिससे परिणाम अच्छा आ सके।

सेजस जामगांव आर प्राचार्य कविता साहू ने बताया कि आदेशानुसार स्कूल तो बंद है लेकिन हम लोग जिला मुख्यालय में विविध कार्य में व्यस्त है। अर्नब चक्रवात से सजगता पूर्वक बचाव के लिए ऐतिहात बरतते हुए दुर्ग जिला शिक्षा प्रशासन ने पहले 28 अक्टूबर को अवकाश दिया और बाद में आदेश जारी कर 29 और 30 अक्टूबर दो दिन का अवकाश और की घोषणा कर दिया। जबकि बेमेतरा और बालोद शिक्षा प्रशासन ने एक एक दिन अवकाश की घोषणा बारी बारी से किए इसलिए 28 एवं 29 अक्टूबर को ही स्कूल बंद रही। बेमेतरा एवं बालोद जिला में स्कूल 30 अक्टूबर को पूर्ववत खुल गई यथावत पढ़ाई भी हुई।

अर्नब चक्रवात का असर हटा सूर्य देव का दर्शन हुआ, घुप खिली खिली रही किन्तु दुर्ग शिक्षा प्रशासन के आदेश के पालन में दुर्ग जिला की स्कूलें बंद रही। कोर्स पूर्ण करने की चिंता से ग्रसित स्कूल आदेश के चक्रवात में फंसकर विवशता पूर्वक बच्चों की अवकाश की जानकारी देते रहे। बीईओ डलेंद्र कुमार देवांगन ने कहा कि डीईओ से प्राप्त आदेश का पालन करना सुनिश्चित है अतएव आदेशानुसार 30 अक्टूबर शुक्रवार को दुर्ग जिला के स्कूल में अवकाश है।

तहसील साहू संघ की सामाजिक कार्यशाला और आमसभा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

तहसील साहू संघ, दल्लीराजहरा के तत्वावधान में 31 अक्टूबर, शनिवार को तहसील स्तरीय सामाजिक कार्यशाला एवं वार्षिक आमसभा का आयोजन साहू सदन में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। इसमें तहसील के सभी परिक्षेत्रों के पदाधिकारी, सामाजिक प्रतिनिधि एवं सदस्य शामिल होकर समाज की वर्तमान चुनौतियों, सामाजिक एकजुटता और भावी विकास की दिशा पर विचार-विमर्श करेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं भक्त माता कर्मा की आरती के साथ होगा। इसके बाद अतिथियों का स्वागत एवं अध्यक्षीय उद्बोधन होगा। कार्यशाला में राजनीतिक दलों में साहू समाज की भूमिका, अंतरजातीय विवाह एवं धर्मांतरण, युवाओं की सामाजिक भागीदारी, विधिक विषय, सामाजिक नियमावली के अनुरूप न्याय व्यवस्था तथा समाज में महिलाओं की भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इन विषयों पर महेंद्र साहू, गोपाल साहू, किशोरी साहू, तोरणलाल साहू, टूमनलाल साहू, नेतराम साहू एवं भानुमति साहू सहित अन्य वक्ता अपने विचार रखेंगे। दोपहर के भोजन अवकाश के बाद सचिव प्रतिवेदन एवं आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही सामाजिक सदस्यों से सुझाव लेकर आगामी वर्ष की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। तहसील साहू संघ के अध्यक्ष शीतल साहू ने कहा कि समाज की मजबूती के लिए युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है।



सामाजिक न्याय व्यवस्था में समानता और नियमावली का पालन भी सुनिश्चित होना चाहिए। कार्यशाला का उद्देश्य प्रत्येक परिक्षेत्र के सदस्यों को अपनी बात रखने का अवसर देना और सामूहिक विचार-विमर्श से समाज के विकास की नई दिशा तय करना है। आयोजकों ने तहसील एवं परिक्षेत्र के सभी पदाधिकारियों, सामाजिक बंधुओं, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठजनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यशाला को सफल बनाने की अपील की है।

बारिश की चुनौती के बीच रखी करवा चौथ व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

पति की दीर्घायु, सुखी दांपत्य जीवन और पारिवारिक खुशहाली की कामना के साथ दल्लीराजहरा में

- छलनी से चंद्र दर्शन कर और पति का चेहरा देख व्रत खोलने की परंपरा निभाई

सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का पर्व श्रद्धा और उत्साह से मनाया।

प्रदेश में अर्नब चक्रवर्ती तूफान के प्रभाव से लगातार हो रही बारिश और रातभर आसमान में छाए बादलों ने चंद्र दर्शन में बाधा जरूर डाली, लेकिन महिलाओं की आस्था और व्रत के प्रति समर्पण को डिगा नहीं सकी। रिमझिम बारिश के बीच महिलाओं ने चांद निकलने का इंतजार किया और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना कर व्रत पूर्ण किया। करवा चौथ पर महिलाओं ने दिनभर निर्जला उपवास रखकर पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। रात में छलनी से चंद्र दर्शन और पति का चेहरा देखने के बाद पूजा-अर्चना कर व्रत खोलने की परंपरा निभाई गई। मौसम की बेरुखी के बावजूद पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।



पति-पत्नी के प्रेम और विश्वास का प्रतीक है पर्व

करवा चौथ केवल उपवास का पर्व नहीं, बल्कि पति-पत्नी के बीच प्रेम, विश्वास, समर्पण और आपसी सम्मान का प्रतीक भी माना जाता है। भारतीय परंपरा में रक्षाबंधन, भाई दूज, तीज, वट सावित्री और कमरछठ जैसे पर्व पारिवारिक रिश्तों की मजबूती और आत्मीयता का संदेश देते हैं। इसी कड़ी में करवा चौथ दांपत्य जीवन की भावनात्मक एकजुटता को दर्शाता है।

लोक परंपरा से राष्ट्रीय उत्सव तक का सफर

करवा चौथ कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। करवा यानी मिट्टी का पात्र और चौथ यानी चतुर्थी। इस पर्व पर करवे का विशेष महत्व है। ऐतिहासिक रूप से यह उत्तर-पश्चिम भारत की लोक परंपरा रही है, जो समय के साथ पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित देश के अनेक राज्यों में लोकप्रिय हुई और अब छत्तीसगढ़ में भी उत्साहपूर्वक मनाई जा रही है।

जिला अस्पताल में रेफर की समस्या पर विधायक संगीता सिन्हा ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला अस्पताल में मरीजों को लगातार दूसरे अस्पतालों में रेफर किए जाने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक संगीता सिन्हा ने अस्पताल के डॉक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली।

इस दौरान सर्वसुविधायुक्त आईसीयू, वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञ चिकित्सा स्टाफ की कमी सामने आई। इन सुविधाओं के अभाव में गंभीर मरीजों का समुचित उपचार और आवश्यक ऑपरेशन करने में परेशानी होती है, जिसके चलते उन्हें दूसरे शहरों में रेफर करना पड़ता है। विधायक ने कहा कि जिला अस्पताल जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के हजारों लोगों के उपचार का प्रमुख केंद्र है। यहां गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी, दुर्घटना में घायल मरीजों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को बेहतर उपचार की उम्मीद रहती है। ऐसे में जरूरी सुविधाओं के अभाव में मरीजों को दूसरे शहरों का रुख करना पड़ना चिंताजनक है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विशेष परेशानी उठानी पड़ती है। विधायक संगीता सिन्हा ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर आगामी मार्च माह के बजट में जिला अस्पताल के लिए सर्वसुविधायुक्त आईसीयू, विशेषज्ञ चिकित्सकों, प्रशिक्षित चिकित्सा स्टाफ और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि केवल आधुनिक मशीनें उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें संचालित करने के लिए योग्य चिकित्सक और प्रशिक्षित स्टाफ भी जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल को रेफर सेंटर की पहचान से बाहर निकालकर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से युक्त उपचार केंद्र बनाना हमारी प्राथमिकता है, ताकि गंभीर मरीजों को भी यथासंभव अपने जिले में ही बेहतर इलाज मिल सके।



भाजपा संगठन को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 अंतर्गत शक्ति केंद्र बड़गांव में भारतीय जनता पार्टी संगठन की मासिक बैठक का आयोजन जैन भवन बड़गांव में किया गया। जिला संगठन भाजपा मंडल के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक में पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा उपस्थित रहे। वहीं बैठक की अध्यक्षता जनपद सभापति डोमेंद्र ज्ञानू राजपूत ने की। विशेष वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रम साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ ही जिला एवं मीडिया प्रभारी रतन भोंसले, भूषण साहू, सुरेश साहू, नारायण चतुर्वेदी सहित भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती को लेकर कार्यकर्ताओं से विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं।



संगठन की विचारधारा और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर आमजन की समस्याओं को समझने और उनके निराकरण के लिए प्रयास करना चाहिए। बैठक में शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले बूथों की गतिविधियों, संगठनात्मक कार्यक्रमों की नियमितता तथा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई। वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय, अनुशासन और एकजुटता के साथ संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन की आधारशिला है और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता से ही पार्टी की योजनाओं एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। इस अवसर पर महिला मोर्चा की पूर्णिमा प्रजापति, सुमन गर्ग वर्मा, कविता चतुर्वेदी, चंचल टेमरे, क्रांतिबाई सहित महिला कार्यकर्ताओं एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में संगठनात्मक एकजुटता और आगामी गतिविधियों को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला।

पेज 3 का शेष

जमहीटोल प्लाजा ...

आधार कार्ड धारकों को तथा दुर्ग बाईपास टोल प्लाजा में सीजी-07 पंजीकृत वाहनों को निःशुल्क आवागमन की सुविधा दी गई है, उसी तर्ज पर बालोद जिले के सीजी-24 वाहनों और जिलावासियों को भी यह अधिकार मिलना चाहिए। जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने कहा कि एनएच सड़क का महज 5 से 20 किलोमीटर का उपयोग करने के एवज में ग्रामीणों पर टोल टैक्स का आर्थिक बोझ डालना अनुचित है। ग्रामीणों को अपने दैनिक कार्यों जैसे जिला मुख्यालय, ब्लॉक व तहसील कार्यालय, शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार-हाट आने-जाने के लिए इसी मार्ग पर निर्भर रहना पड़ता है। मानपुर चौक तक जाने के लिए भी टोल चुकाना पड़ रहा है, जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं।

30 पौवा शराब ...

बरामद किया गया।
साथ ही शराब बिक्री की नगदी रकम 300 एवं डमी ग्राहक को दिया गया 100 का नोट भी जब्त किया गया। जिसमें आरोपी ग्राम सिकोसा थाना गुण्डरदेही जिला बालोद निवासी परमांनद डहरे पिता स्वर्गीय मायाराम डहरे 52 वर्ष के विरुद्ध थाना गुण्डरदेही में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



16 वर्षों से आपकी सेवा में

श्री खाटू श्याम ज्योतिष



ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा

समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों,
समाधान हमेशा संभव है...

मनमोहनी स्पेशलिष्ट

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ | **पं.रविकांत शर्मा**
पं.एस.के. शास्त्री



जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान





















क्यों चुनें हमें ?

- 16 वर्षों का अनुभव
- सटीक एवं सरल समाधान
- गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
- व्यक्तिगत मार्गदर्शन
- श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा

ऑफिस आने पर मात्र ₹101

PAYMENT QR CODE

फोन से परामर्श मात्र ₹251

हमारी प्रमुख सेवाएं

- **जन्म कुंडली विश्लेषण** — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
- **वैवाहिक जीवन** — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
- **करियर एवं व्यवसाय** — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
- **धन एवं समृद्धि** — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
- **संतान योग** — संतान प्राप्त, संतान सुख
- **वास्तु शास्त्र** — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
- **हस्तरेखा विज्ञान** — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
- **प्रश्न कुंडली** — तत्काल समाधान, सही दिशा

बुकिंग के लिए संपर्क करें:
+91 747 067 4060

पोलसाय पारा चौक,
स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं
पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567

नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।